## कलेक्टर ने किया बरमान घाट और राजराजेश्वरी घाट का निरीक्षण



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर शीतला पटले ने गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं के आगमन पर नर्मदा नदी के तट पर स्थित बरमान घाट और राजराजेश्वरी घाट हीरापुर का निरीक्षण किया।

उन्होंने इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये। घाटों में बचाव दल, चिकित्सा दल, सुरक्षा दल को तैनात रहने को कहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

श्रद्धालुओं के लिए आवागमन हेतु सुरक्षा के लिए बैरीकेटिंग लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त रखने को कहा, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में कठिनाई न हो। कलेक्टर शीतला पटले ने इस अवसर पर राजराजेश्वरी मंदिर हीरापुर और बरमान घाट में स्थित मंदिरों का भ्रमण कर दर्शन लाभ लिया। उन्होंने इस अवसर पर धर्मशाला में पहुंचकर धर्मगुरूओं से भेंट की।

इस अवसर पर एसडीएम श्री मणिन्द्र सिंह सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## जिले में अब तक 523.2 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 10 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 523.2 मिमी अर्थात 20.60 इंच वर्षा दर्ज की गई है।

10 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 33.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 17 मिमी, गाडरवारा में 40 मिमी, गोटेगांव में 54 मिमी, करेली में 18 मिमी और तेंदूखेड़ा में 37 मिमी वर्षा आंकी गई है।10 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 523 मिमी, गाडरवारा में 624, गोटेगांव में 477 मिमी, करेली में 494 मिमी और तेंदूखेड़ा में 498 मिमी वर्षा आंकी गई है।

इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 166 मिमी अर्थात 6.56 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 126 मिमी, गाडरवारा में 218 मिमी, गोटेगांव में 221 मिमी, करेली में 94 और तेन्दूखेड़ा में 174 मिमी वर्षा हुई थी।

## मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला चालू करने की मांग

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रत्येक ब्लॉक में स्थापित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला केंद्र जोकि सभी जगह बंद पड़े हैं। जिसके कारण किसानों को समय-समय पर मिट्टी का परीक्षण करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मिट्टी जांच ना होने के कारण जानकारी के अभाव में किसान असंतुलित व अतिरिक्त खाद का उपयोग करते है। जिससे मिट्टी फसल व किसान के लिए नुकसान की संभावनाएं बनती है। साथ ही जैविक खेती की तरफ बढ़ते किसानों को मिट्टी परिक्षण की कमी उनकी तैयारी में बाधक है। क्योंकि बगैर परीक्षण किसान को पता ही नहीं कि कौन-कौन से पोषक तत्वों की खेत की मिट्टी में क्या स्थिति है। जिसकी अच्छी तैयारी की जा सके।

जानकारी के अभाव में जैविक कृषि की प्रगति रुक रही है। जिसे रोकने के लिए प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर बने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला केन्द्रों को पुन: प्रारंभ करने का अनुरोध किया हैं। बर्षो पूर्व सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला केंद्र उपयोग न होने के कारण खंडहर की स्थिति में है। इन्हें पुन: प्रारंभ करने की मांग की।

पटेल ने पत्र में उल्लेख किया है कि जो अमानक नकली खाद बीज केमिकल पेस्टिसाइड्स बाजार में बिक रहे हैं। उनसे भी किसानों को उचित उत्पादन न होने से अतिरिक्त आर्थिक हानि हो रही है। इसका प्रत्येक 15 दिवस में औचक निरीक्षण सक्षम अधिकारियों के माध्यम से कराकर नकली बीज खाद पेस्टिसाइड्स की रोकथाम और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई समय-समय पर होना चाहिए। जिससे किसानों को आर्थिक हानि होने से बचाया जा सके। भारत सरकार के द्वारा समय पर खाद बीज यूरिया डीएपी गुणवक्ता युक्त मिल सके।

### सार-समाचार



#### छात्र-छात्राओं को वितरित की शिक्षण सामग्री

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गुरू पूर्णिमा पर एकीकृत शासकीय हाई स्कूल नयाखेड़ा (गरगटा) में मां रेवा समिति नरसिंहपुर द्वारा विद्यालय में कक्षा पहली से दसवीं के 151 छात्र छात्राओं को सेवा ही धर्म की भावना के साथ निशुल्क नोटबुक, पेन , पेंसिल किट का वितरण नीरज पटेल सर, अविनाश रघुवंशी, अर्पित पांडे, रवि राय , रंजीत पटेल, मोहसिन खान, चिराग दासानी, अभिषेक दुबे,एवं मित्रगण द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती विनीता पांडे , शिक्षक विनोद मेहरा, सहित शाला परिवार की उपस्थिति रही।

#### कर्नल मुशरान को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के जनप्रिय राजनेता एवं म.प्र. शासन के पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की पुण्यतिथि के अवसर पर 10 जुलाई को प्रात: 10:30 बजे एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार कर्नल मुशरान की मुक्तिधाम स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित गणमान्य जनों एवं स्टाफ मेंबर्स द्वारा स्व. कर्नल मुशरान को पुष्पांजलि तथा एन.सी.सी. कम्पनी द्वारा सलामी दी गयी। इसके उपरान्त मौन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रात: 11 बजे स्थानीय शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया गया। पुश्पांजलि कार्यक्रम में पं. मैथिलीशरण तिवारी, जमना प्रसाद लोड़िया करेली, इंजी. रुद्रेश तिवारी, डॉ. अशोक कुमार गर्ग, जी. डी. ऊमरे, एन.सी.सी. अधिकारी ले. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी द्वय चंद्रप्रकाश गुप्ता एवं श्रीमती आराधना दुबे, सहा. प्राध्यापक हेमराज सेन, मो. आशिक अली, कृष्णकांत जाटव, विवेक जोशी सहित समस्त स्टाफ मेम्बर्स, एन.सी.सी कैडेट्स रासेयो स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्रों ने स्व. कर्नल मुशरान को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका पुण्य स्मरण किया।

#### प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर एबीवीपी अनूपपुर नगर इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अपर कलेक्टर दिलीप पांडे की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह में अनूपपुर नगर के प्रमुख विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जगह-जगह मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव, गुरुजनों का किया सम्मान




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गायत्री योग समिति नरसिंहपुर द्वारा गायत्री सभागृह में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाते हुए गुरुजनों का सम्मान किया गया।समिति की ओर से बी एस पटेल शिव प्रसाद साहू एवं जे के पटेल द्वारा मां गायत्री और आचार्य श्रीराम शर्मा का पूजन अर्चन किया गया।

उक्त अवसर पर साहित्यकार कवि गुरुवर अशोक त्रिपाठी योगगुरु एन सी जैन एवं जे के पटेल का समिति द्वारा सम्मान और अभिनंदन किया गया। अतिथियों में एन सी जैन ने कहा कि गुरु हमें भक्ति प्रेम और सदमार्ग से जोड़ते हैं।बी एस पटेल ने कहा कि गुरु की कृपा से हमारे जीवन के दुख और कष्ट मिट जाते हैं। गुरुवर अशोक त्रिपाठी ने एकलव्य और आरुणि की गुरुभक्ति का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु अपने ज्ञान की रोशनी से अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर हमारे जीवन को खुशी आनंद और हर्षोल्लास से भर देते हैं।

कार्यक्रम में आर के पटवा छत्रपाल कोरी नीरज शर्मा एड सुधीर दुबे शरद साहू शिवप्रसाद साहू बी एस साहू वीरेंद्र राव मोती श्रीवास्तव रामकुमार जाट एस के नामदेव प्रकाश केवट मनोहर कश्यप सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

### प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गुरूवार को उत्कृष्ट विद्यालय असेंबली हाल नरसिंहपुर में संचालित नियमित जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण केंद्र में एस. के. चतुर्वेदी अध्यक्ष जिला योग समिति एवं जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन नरसिंहपुर, देवेन्द्र कुमार ढ़िमोले जिला योग प्रभारी, दीपक कुमार चौबे योग प्रशिक्षक का गुरु पूर्णिमा पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया एवं सम्मान किया गया। योग प्रशिक्षक दीपक कुमार चौबे ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए - गुरु पूर्णिमा का पवित्र दिन वह समय होता है जब शिक्षार्थी गुरु को पूरे दिल से अपना आभार व्यक्त करते हैं,गुरु शिष्य परंपरा अनादिकाल से ही चली आ रही है जिसमें गुरु के सानिध्य में रहकर ही योग विद्या ली जाती है। भगवान श्री कृष्ण के गुरु का नाम महर्षि सांदीपनि था। उन्होंने श्री कृष्ण, बलराम और सुदामा को उज्जैन में अपने आश्रम में शिक्षा दी थी। सांदीपनि ऋषि ने उन्हें 64 कलाओं की शिक्षा दी थी।भगवान राम के दो मुख्य गुरु थे ऋषि वशिष्ठ और विश्वामित्र। ऋषि वशिष्ठ भगवान राम के कुल गुरु थे और उन्होंने उन्हें वेदों, शास्त्रों और नीति का ज्ञान दिया था। विश्वामित्र ने भगवान राम को धनुर्विद्या और शास्त्र विद्या का ज्ञान दिया। संस्कृत में,गुरु का शाब्दिक अर्थ है अंधकार को दूर करने वाला गुरु पूर्णिमा को योग और ध्यान का अभ्यास करने के लिए भी विशेष रूप से लाभकारी दिन माना जाता है।

### महर्षि आश्रम में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** महर्षि आश्रम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुपूजन से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात्य गुरु की महिमा पर अपने अपने विचार आश्रम प्रभारी सतीश श्रीवास्तव एवं अश्वनी भार्गव व्यक्त किए एवं प्राचार्य सुनील शर्मा एवं आचार्य राज पाठक द्वारा गणमान्यों का साल श्री फल एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया।



## पुलिस थाने के बाहर से इलेक्ट्रानिक स्कूटी चोरी

### थाने में रिपोर्ट लिखाने भी सतर्क होकर जाएं

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र में लगातार अपराध बढ़ता नजर आ रहा है। अपराधियों की मुस्लिम इतने बुलंद है कि थाने के सामने खड़ी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी चोर चुरा ले गए। अब लोगों को पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखने भी सावधानी से जाना पड़ेगा।

बताया जाता है कि कौन सी निवासी विगत मंगलवार को करीब 9 बजे से 9ः15 के बीच रिपोर्ट लिखाने अंदर गया था।

रिपोर्ट लिखाकर 15 मिनट बाद जब बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी जहां खड़ी थी वहां नहीं मिली। मात्र 15 मिनट के अंदर ही मोटरसाइकिल चोरी हो गई। आश्चर्य की बात यह है कि पुलिस ने अपनी प्राथमिक की में दर्ज किया है कि थाने को दिनांक 9 जुलाई को शाम 5 बजे सूचना मिली है। स्कूटी का चेचिस नंबर एस आरओएनआई 1024एफ0200 है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303 दो के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर चीचली में मनाया गुरूपूर्णिमा उत्सव




**गाडरवारा, देशबन्धु।** गुरूपूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर चीचली में गुरूपूर्णिमा विद्यालय के पूर्व आचार्य नगेन्द्र त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य, विद्यालय के व्यवस्थापक राजेश पैगवार की अध्यक्षता एवं विद्यालय के कोषाध्यक्ष पूनम पैगवार संस्था प्राचार्य विजय शर्मा के विशिष्ट अतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के भैया वहिनों आचार्यो, दीदीयों के साथ मुख्य अतिथि नागेन्द्र त्रिपाठी, राजेश पैगवार विजय शर्मा ने गुरुपूर्णिमा के विषय में प्रकाश डाला। भैया/ बहिन एवं समस्त आचार्यों को गुरूपूर्णिमा का महत्व को विस्तार से बताया गया।

उपरांत श्री सहस्त्रबाहु शिक्षा समिति चीचली द्वारा समस्त मुख्य अतिथि के साथ सभी आचार्यों को सम्मान पूर्वक स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती लतालक्ष्मी चौरसिया ने तथा आभार प्रदर्शन पं डालचंद शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में भैया बहिन उपस्थित थे।

## ओशो लीला आश्रम में किया सदगुरु ओशो को याद

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय ओशो लीला आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन स्वामी ध्यान आकाश के संचालन में ओशो की विभिन्न ध्यान विधियो के मध्य संपन्न किया गयाद्य गुरु पूर्णिमा पर दिनभर ओशो की ध्यान गतिविधियों सहित संध्याकाल व्हाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग अपने सदगुरु ओशो की उपस्थिति के एहसास के साथ विशेष रूप से किया गया जिसका आनंद रसपान ओशो सन्यासियों द्वारा अहो भाव से लिया गयाद्य ओशो लीला आश्रम के मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस ने व्हाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग के संदर्भ मे बताया सदगुरु ओशो ने अपने जीवंत अवस्था में अपने संन्यासियों को कहा था कि मेरे विदा हो जाने के बाद भी में संध्या काल के वाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग के समय आप लोगों के मध्य मेरी उपस्थिति विशेष रूप से बनी रहेगीद्य इसी क्रम के चलते गुरु पूर्णिमा उपलक्ष्य अवसर पर ओशो लीला आश्रम में संध्याकाल विशेष रूप से सत्संग भजन कीर्तन नृत्य आनंद ओशो प्रवचन माला श्रवण कर अपने सद्गुरु ओशो की उपस्थिति का एहसास कर स्मरण किया गया उक्त अवसर पर स्थानीय एवं बाहर से आए हुए ओशो सन्यासी बड़ी संख्या में आनंदित हुए एवं साक्षी बन सके।

## गुरुपूर्णिमा पर दादा धूनीवालो के दर्शन पूजन हेतु उमड़ी भक्तों की भीड़



**गाडरवारा, देशबन्धु।** साईंखेड़ा नगरी दादा धूनीवालो की नगरी के नाम से समूचे भारत मे जानी जाती है यह श्री केशवानंद जी महाराज के अनेकों चमत्कार का साक्षी रही है यहां पर दादाजी ने लंबे समय निवास किया है अनेक जनों के दु:ख क्षण भर में दूर किये है उसके बाद दादाजी साईंखेड़ा से खण्डवा चले गए जाते हुए अनेक स्थानों पर रुके व अनेक चमत्कार के किस्से अलग अलग क्षेत्रो में व्याप्त हैं प्रत्येक वर्ष गुरुपूर्णिमा के अवसर पर यहां पर भक्तो का मेला लगता है दूर दूर से भक्त झंडा यात्रा पैदल यात्रा कर भी दादाजी की एक झलक पाने अवश्य आते है वही स्थानीय निवासियों ने बताया है कि इस दिन पूरा नगर दादामय रहता है उसी क्रम में बुधवार पालकी यात्रा निकाली गई व गुरुवार गुरु पूर्णिमा पर सुबह से दादाजी का अभिषेक गर्भ गृह प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## करेली में गरीब रथ के स्टापेज की मांग

### सांसद को नपा उपाध्यक्ष ने पत्र लिखकर किया पहल का आग्रह

**करेली, देशबन्धु।** जबलपुर मुंबई गरीबरथ के करेली स्टापेज की मांग गहरा गई है। जनता की लगातार डिमांड पर क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह को नगर पालिका परिषद करेली की उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता सुरेन्द्र मोहन नेमा ने पत्र लिखकर 12187-12188 गरीब रथ स्टापेज की मांग की है।

नपा उपाध्यक्ष ने आग्रह किया है कि करेली द्म4 में 12187-12188 जबलपुर मुम्बई गरीब रथ के स्टापेज जरूरी है निवेदन है कि पश्चिम मध्य रेल जोन व रेल मंडल जबलपुर पमरे के इटारसी जबलपुर रेलखण्ड में स्थित व होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले करेली रेल स्टेशन के सर्वाधिक यात्री मुंबई की यात्रा करते है नरसिंहपुर जिले में तहसील स्तर के 4 प्रमुख स्टेशन है श्रीधाम नरसिंहपुर गाडरवारा करेली जिसमें करेली व्यापारिक नगरी है करेली को छोड़कर बांकी सभी जगह जबलपुर मुंबई गरीबरथ एक्सप्रेस का स्टॉपेज है जो करेली की जनता के साथ अन्याय है क्योंकि गरीब रथ में करेली के यात्री ही ज्यादा यात्रा करते है इसलिये इसका करेली मे स्टापेज जरूरी है।व्यापारिक नगरी करेली प्रमुख शहर के साथ ही पतित पावनी मां नर्मदा के तट पवित्र नगरी बरमान का प्रमुख स्टेशन है। जो शासन को करोड़ो का राजस्व प्रतिवर्ष प्रदान करता है।

विगत एक दशक से व्यापारिक नगरी करेली के जनप्रतिनिधि, नागरिक, सामाजिक, राजनैतिक संगठन ट्रेनों के स्टापेज की मांग कर रहे है। करेली से 3 तहसील देवरी जिला सागर, तेन्दूखेड़ा, करेली जिला नरसिंहपुर के सैकड़ों गांव के यात्री यात्रा करते है। जिले का व्यापारिक मुख्यालय करेली पर्याप्त राजस्व देने में पूर्णत: सक्षम है। आपसे आग्रह है कि करेली में 12187-12188 जबलपुर मुम्बई गरीब रथ एक्सप्रेस का स्टापेज हेतु पहल करें। इसमें मुम्बई का रिजर्वेशन सुलभता से मिल जाता है। इससे नागरिकों को सुविधा व रेलवे को राजस्व की पूर्ति होगी।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए